दिन– शनिवार दिनांक– 21 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. देशभर में आज ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह का किया नेतृत्व।

02. राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में योग सत्रों का आयोजन। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास।

03. केंद्र सरकार ने बिहार को पथ निर्माण के लिए तैंतीस हजार चार सौ चौंसठ करोड़ रूपये की एकमुश्त राशि जारी की।

04. और, मौसम विभाग की आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और बक्सर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

---

आज ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित मुख्य आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए। प्रधानमंत्री के साथ तीन लाख से अधिक प्रतिभागी योग सत्र में शामिल हुए। इनमें भारतीय नौसेना के ग्यारह हजार कर्मी भी शामिल थे। योग सत्र विशाखापत्तनम के आर. के. बीच से भोगपुरम तक लगभग छब्बीस किलोमीटर के दायरे में आयोजित हुआ। इस आयोजन से नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनने की आशा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया के सभी लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग पूरी दुनिया को जोड़ रहा है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि सरकार योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने मोटापे की चुनौती से निपटने के लिए लोगों से योग अपनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने दुनियाभर के लोगों से एक बार फिर अपने भोजन में खाद्य तेल में दस प्रतिशत तक की कमी लाने का आह्वान किया।

---

इधर, प्रदेश में योग दिवस पर कई कार्यक्रम और योग सत्रों का आयोजन किया गया। आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित, पाटलिपुत्र खेल परिसर में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। यहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के नेतृत्व में राजभवन परिसर में कर्मियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर विश्व योग दिवस को यादगार बनाया। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

———रिपोर्ट———

इधर, जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि पंचायत, गांव और वार्ड स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में योगाभ्यास सत्र—योग संगम का आयोजन किया गया। राज्य के प्रमुख पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों पर संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में योग सत्र आयोजित किये गए। मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय में इस अवसर पर योगाभ्यास के विशेष सत्र आयोजित किये गये। दानापुर स्थित बिहार रेजिमेंटल सेंटर में सेना के जवानों, अग्निवीरों और अधिकारियों समेत आम लोगों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया।

शेखपुरा व्यवहार न्यायालय परिसर में भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें न्यायिक पदाधिकारियों के साथ—साथ कर्मचारियों और अधिवक्ताओं ने भाग लिया। शिवहर में जिला प्रशासन की ओर से खेल भवन में आयोजित योग सत्र में बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मियों ने योगाभ्यास किया। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भागलपुर स्थित सैडिंस कम्पाउंड में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। गया के आजाद पार्क में आयोजित योग शिविर में स्थानीय लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इधर, निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशभर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में योग प्रेमियों ने योग को स्वस्थ जीवन का मंत्र बताते हुए इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की है।

–––वॉक्सपॉप–––

---

केंद्र सरकार ने बिहार को पथ निर्माण के लिए तैंतीस हजार चार सौ चौंसठ करोड़ रूपये की एकमुश्त राशि जारी की है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन ने बताया कि इस राशि से राज्य की बावन एनएच परियोजनाओं पर काम होगा। इसके तहत आठ सौ पचहत्तर किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा। इसमें तीन सौ अस्सी किलोमीटर एनएच को दो लेन से चार लेन में अपग्रेड किया जाएगा। पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि यह पहली बार है, जब केंद्र सरकार ने एक वित्तीय वर्ष में सड़क निर्माण के लिए इतनी बड़ी राशि मंजूर की है।

---

राजधानी पटना में जे.पी. गंगा पथ और डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के बीच दस एकड़ भूमि पर वेस्ट–टू वंडर पार्क का निर्माण किया जाएगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन ने बताया कि पर्यटन और पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनने वाले इस पार्क में कचरे से बनाई गई विश्व प्रसिद्ध संरचनाएं प्रदर्शित की जायेंगी। श्री नबीन ने बताया कि इस योजना पर पंद्रह करोड़ रूपये की लागत आयेगी, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

---

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मानसून की बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और बक्सर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, शेष स्थानों पर बारिश, मेघ गर्जन, वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने का पूर्वानुमान है।

---

प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों का संचालन सुबह नौ बजकर तीस मिनट से शाम चार बजे तक होगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश

में कहा गया है कि गर्मी की छुट्टी समाप्त होने के बाद नई समय सारणी के अनुसार विद्यालय संचालित होंगे।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए एक और हेल्प लाइन नम्बर जारी किया है। इस हेल्प लाइन नम्बर पर छात्र किसी भी समस्या के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। आयोग का नया हेल्पलाइन नंबर है – **आठ दो तीन पांच चार दो दो आठ छह सात**।

---

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने किशनगंज जिले के ठाकुरगंज की अंचलाधिकारी सुचिता कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित पदाधिकारी पर दाखिल–खारिज में गड़बड़ी का आरोप है।

---

पटना पुलिस लाईन में तैनात दारोगा देव मोहन सिंह को दारोगा बहाली के नाम पर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। देव मोहन सिंह ने एक अभ्यर्थी से दारोगा परीक्षा में सफल कराने के एवज में तेरह लाख रूपये लिए थे।

---

सहरसा सदर थाना क्षेत्र के चांदनी चौक स्थित एक होटल से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे।

---

बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतु पर एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। वाहन में दो लोग सवार थे, जिसमें एक का शव बरामद कर लिया गया है।

---

पटना के दनियावां थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मस्थान के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो भाईयों की मौत हो गई।

---

पूर्णिया जिले के डंगराहा सहायक थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक ट्रक से एक करोड़ रूपये मूल्य का प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद कर ट्रक चालक को गिरफ्तार किया।

---

तीन लाख रूपये के ईनामी नक्सली अखिलेश सिंह भोक्ता ने कल गया एसएसपी के समक्ष हथियारों के साथ आत्मसमपर्ण कर दिया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – बिहार बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है – पंजे और लालटेन ने लोगों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया।

**दैनिक भास्कर** ने चुनाव आयोग के निर्देश को प्रमुखता देते हुए लिखा है– पैंतालीस दिन में चुनाव को चुनौती नहीं मिली, तो फुटेज नष्ट करें।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – विधायक मिश्री लाल यादव की सदस्यता खत्म। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है – गंगा और गंडक सहित नौ नदियों का बढ़ रहा जलस्तर।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – कोचिंग संस्थानों और डमी स्कूलों की जांच के लिए केंद्र ने बनाई समिति।

**आज अखबार** की प्रमुख खबर है – रेलवे ने वेटिंग लिस्ट पर लगाई पच्चीस प्रतिशत की सीमा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. देशभर में आज ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह का किया नेतृत्व।

02. राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में योग सत्रों का आयोजन। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास।

03. केंद्र सरकार ने बिहार को पथ निर्माण के लिए तैंतीस हजार चार सौ चौंसठ करोड़ रूपये की एकमुश्त राशि जारी की।

04. और, मौसम विभाग की आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और बक्सर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।